आओ, संख्या बनाएँ

रमा और यश संख्या बनाने का खेल खेल रहे हैं । हम भी खेलेंगे ।

वृत्त में कुछ अंक दिये गए हैं । प्रत्येक विद्यार्थी को दो अंक चुनकर संख्या बनाना है ।



शिक्षकों के लिए सूचना

खेल : मोटे कागज पर ५-६ चकती बनाएँ । प्रत्येक चकती पर एक शून्येतर संख्या लिखें और उसे पलटकर रखें ।

प्रत्येक विद्यार्थी कोई दो चकती उठाकर उसपर अंक देखकर संख्या बनाए ।

दिए गए अंकों से सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्या बनाना ।

पंखुडी पर भिन्न – भिन्न दो अंक लेकर उससे अधिक से अधिक दो अंकोंवाली संख्या बनाओ तथा उनमें सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्या लिखो ।



बनायी जानेवाली संख्या : ४७, ७४	
सबसे बड़ी संख्या – ७४	सबसे छोटी संख्या – ४७



बनायी गई संख्या :	
सबसे बड़ी संख्या –	सबसे छोटी संख्या –



बनायी गई संख्या : २३,२८, ३२, ३८, ८३, ८२	
सबसे बड़ी संख्या –	सबसे छोटी संख्या –



बनायी गई संख्या :	
सबसे बड़ी संख्या –	सबसे छोटी संख्या –

५,९ यह संख्या ०५, ०९ इसप्रकार हम नहीं लिखते, इसे ५, ९ ऐसे ही लिखते हैं । यह एक अंकवाली संख्या है ।

सोंचें : एक ही अंक बार–बार उपयोग करने से दो अंकवाली कितनी संख्याएँ मिलेंगी ?

EKU2FK